तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

11 खपरी सिलोदा में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव...

12 छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक में ...




## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक 6 को

**डौण्डीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज की तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की महत्वपूर्ण बैठक 6 जुलाई सोमवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में तहसील क्षेत्र के सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में वर्ष 2026 के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा तथा जिला एवं तहसील शाखा की सदस्यता संबंधी जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर पेंशनर आंदोलन के जनक डॉ. जी.एस. नाकरा के चित्र का अनावरण भी किया जाएगा। साथ ही तहसील समिति के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया भी संपन्न होगी। बैठक में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पेंशनरों के पक्ष में दिए गए 32 एवं 27 माह के एरियर्स संबंधी निर्णय की जानकारी साझा की जाएगी।

### गुण्डरदेही में 10 जुलाई को रोजगार मेला, 851 पदों पर होगी भर्ती

**बालोद।** उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद के तत्वाधान में 10 जुलाई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में कक्षा 10वी, 12वी, बी.एस.सी. एग्रीकलचर, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजीडीसीए, बीएससी नर्सिंग, मेडिकल कोर्स एवं हॉस्पिटल स्टाफ व अन्य योग्यताधारी आवेदकों के लिए कुल 03 नियोजकों द्वारा कुल 851 तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि एस.आर. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ग्राम चिखली, धमधा रोड जिला दुर्ग नियोजक द्वारा कुल 575 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई नियोजक द्वारा कुल 206 पदों पर एवं पुस्कल एग्रोटेक लिमिटेड कमल विहार रायपुर नियोजक द्वारा कुल 70 पदों भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिक जानकारी रोजगार विभाग के अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार एप पर उपलब्ध है, जिसके माध्यम से इच्छुक आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए रोजगार पंजीयन कराना आवश्यक है। इसके अलावा अन्य जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद से भी संपर्क कर सकते है।

### लोहे के केज व्हील वाले ट्रैक्टर सड़कों पर चलाने पर होगी कार्रवाईः परिवहन विभाग

**बालोद।** जिला परिवहन कार्यालय बालोद द्वारा किसानों, ट्रैक्टर स्वामियों और चालकों के लिए सूचना जारी की गई है। इसके अंतर्गत लोहे के केज/रिंग लगे ट्रैक्टरों का सार्वजनिक सड़कों पर संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधितों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में खरीफ सीजन के कृषि कार्य प्रारंभ हो चुके हैं, जिसके तहत खेतों में जुताई और मताई का कार्य ट्रैक्टर व उसमें लगे अन्य उपकरणों के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे ट्रैक्टर जिनके पहियों में लोहे के केज, रिंग (पिंजरे वाली जाली) लगे होते हैं, जिन्हें सामान्यतः केज व्हील या लोहे का टायर कहा जाता है, उनका उपयोग मुख्य रूप से धान के खेतों (कीचड़ वाले गीले इलाकों) में ट्रैक्टर को धंसने से बचाने और अच्छी ग्रिप देने के लिए किया जाता है। उन्होंने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि खेतों में कृषि कार्य हेतु उपयोग किए जाने वाले ऐसे ट्रैक्टरों का शेष पेज 10 पर

# जगतरा का ओपन जिम: 14.50 लाख फूंकने के बाद भी लगा है ताला, टूटने लगे उपकरण

## जिम में गेट कूदकर पहुंच रहे बच्चे, ग्रामीणों ने उठाए निर्माण गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- डीएमएफ मद से बना जिम आठ माह से बंद, उपकरण टूटने लगे, दुर्घटना का खतरा बढ़ा

ग्राम पंचायत जगतरा में लाखों का ओपन जीम कार्यपूर्ण होने के बाद भी ओपन नहीं हो सका। कई खामियों के कारण उसे पंचायत अपने अधिपत्य में नहीं ले रही है। जिम की सामग्री गुणवताहीन होने से टूटने लगी है। जिम की सामग्री पूरी तरह टूटने से पहले उसका लाभ लेने के प्रयास में बच्चे गेट से कूदकर अंदर जा रहे हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्राम पंचायत जगतरा में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से स्वीकृत 14.50 लाख की लागत से ओपन जीम का निर्माण किया गया है। जीम का निर्माण स्कूल के पास किया गया है। जीम का निर्माण 13 जनवरी 2025 को प्रारंभ हुआ एवं सूचना बोर्ड के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 को पूर्ण हो गया है। कार्य पूर्ण हुए आठ माह हो चूके हैं, लेकिन जीम में ताला लगा हुआ है, बिना उपयोग के जीम के सामान टूटने लगे हैं।

जीम के सामानों को बिना उपयोग के टूटते देखकर अब बच्चे ताला लगे दरवाजे को फांदकर जीम में जाकर खेलने लगे हैं। समझा जा रहा है कि बच्चे जीम का सामान पूरी तरह टूट जाए उनसे पहले उसका लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं, इसीलिए घेरबंदी व तालाबंदी के बाद भी जीम के दरवाजे को फांदकर अंदर जा रहे हैं।



### गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया

आरोप है कि जीम को लेकर प्रारंभ से ही शिकायते आ रही थी। ग्रामीणों के विरोध के बाद भी गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे वह उपयोग के पहले ही टूटने लगा है। यह भी आरोप है कि जीम का निर्माण निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं हुआ है। सरपंच ग्राम पंचायत जगतरा मंगलसिंह मंडावी ने कहा जीम का कार्य मेरे कार्यकाल से पहले का स्वीकृत है। जिसे ठेकदार के माध्यम से बनाया गया है। उसमें कई खामियां है उसे सुधारने का बात उपअभियंता ने संबंधित ठेकेदार को कही थी। पंचायत को जीम सौंपा नहीं गया हैं।



## मनमानी : अर्जुन फिलिंग प्वाइंट के सामने कई एकड़ भूमि पर कार्य

# गुरूर में अवैध प्लाटिंग का खेल! लगानी भूमि पर सड़क बनाकर विकसित की जा रही कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

- लगानी भूमि को विकसित कर कॉलोनी बसाने का आरोप, कॉलोनाइजर एक्ट के उल्लंघन की आशंका

विकासखण्ड गुरूर के ग्रामो एवं नगर में अवैध प्लाटिंग का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध कालोनाईजर शासन के नियमो में सेध लगाकर अवैध कॉलोनी विकसित करने लगे है। वर्तमान में गुरूर बालोद मुख्य मार्ग में स्थित अर्जुन फिलिंग प्वाईंट के सामने कई एकड़ भूमि को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। यहां लगभग 500 मीटर लंबी मुरूम की सड़क का निर्माण किया गया है। वर्तमान में यह लगानी भूमि है, जिसका डायवर्सन करने का प्रयास संबंधित लोगों द्वारा किया जा रहा है। विकासखण्ड में अवैध कॉलोनाईजरो ने अवैध कॉलोनी बसाने का वैधानिक मार्ग ढूंढ़ा है। अवैध कॉलोनाईजर पहले लगानी भूमि के बड़े टूकड़े का एक साथ आवासीय डायवर्सन करा लेते है फिर उसे छोटे–छोटे टुकड़ो में बेचा जा रहा है, यह सब राजस्व व पंजीयक विभाग की मिली भगत से हो रहा है। लगानी को आवासीय भूमि में डायवर्सन कराने के बाद कॉलोनाईजर एक्ट के सारे नियमो को तोड़ते हुए अवैध कॉलोनाईजर बड़े भू–खण्ड को छोटे–छोटे टुकड़ो में बेचने लगता है, इसमे अवैध कॉलोनाईजर सड़क तो बनता है लेकिन नाली, बिजली, पर्यावरण, पानी निकासी जैसी मूलभूत सुविधा को दरकिनार कर छोटे टुकड़ो में बेच रहे है एवं उसकी रजिस्ट्री भी हो रही है, इसमें पूरा सिस्टम सक्रिय है, इससे राजस्व, पंजीयक व पंचायत विभाग संदेह के दायरे में है। वर्तमान मामले के अतिरिक्त भी पूर्व में कई ऐसे मामले आए है जहां अवैध कॉलोनाईजर ने भूमि को लगानी से आवासीय में डायवर्सन कराकर छोटे टुकड़ो में बेचा है। वही नगर के एक मामले में तो अवैध कॉलोनाईजर ने नगर पंचायत की सड़क को अपनी बताकर टुकड़ो में जमीन बेच दिया। अब नगर पंचायत द्वारा कार्य कराने से वह मार्ग अवरूद्ध हो गया तो 20 से अधिक आवासो के लोगो को लंबी दूरी घुमकर आना जाना करना पड़ रहा है।



### प्रतिवेदन तहसीलदार को सौप दिया

नगर के पटवारी रविशंकर ने कहा मैंने जागेश्वर साहू की भूमि में मुरूम डालकर सड़क बना कर भूमि को विकसित करने के मामले में प्रतिवेदन तहसीलदार को सौप दिया है।

\- पटवारी रविशंकर

### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

सीएमओ गुरूर श्रीनिवास पटेल ने कहा लगानी भूमि को अवैध रूप से सड़क बनाकर विकसित करने की शिकायत मिली है। मामले में जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

\- सीएमओ, श्रीनिवास पटेल

# देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

नगर में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजहरा पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 20 अद्धी देशी शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से बरामद शराब को जब्त कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि चिखलाकसा निवासी योगेश कश्यप, पिता दिलीप कश्यप, उम्र 32 वर्ष, अपने पास अवैध रूप से अधिक मात्रा में देशी शराब लेकर सब्जी मंडी मार्ग से पैदल अपने घर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस दल तत्काल मौके पर पहुंचा और योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद बताए गए हुलिए का युवक हाथ में एक कपड़े का थैला लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास मौजूद गुलाबी-सफेद रंग के कपड़े के थैले से 20 अद्धी देशी शोले प्लेन शराब बरामद हुई। प्रत्येक अद्धी में 375 मिलीलीटर शराब भरी हुई थी। बरामद शराब की अनुमानित



कीमत लगभग 3 हजार 200 रुपये बताई गई है। पुलिस ने मौके पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए शराब जब्त कर ली। इसके बाद आरोपी के विरुद्ध थाना राजहरा में अपराध क्रमांक 147/26 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक कार्यवाही के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर नियमित अभियान चलाया जा रहा है। अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आगे भी इसी तरह लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# गन्ना किसानों ने बढ़ी समर्थन राशि और पर्याप्त खाद वितरण की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

- शक्कर कारखाना करकाभाट में किसान संगठनों की बैठक

भारतीय किसान संघ जिला बालोद एवं गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के पदाधिकारियों एवं किसान की संयुक्त रूप से शक्कर कारखाना करकाभाट में बैठक हुई, जिसमें एम.डी से मिलकर रिकवरी, बिज एवं अंतर कि राशि के बारे में चर्चा हुई। जिसमें एम.डी ने 15 दिन में भुगतान होने की संभावना व्यक्त की है और अंतर की राशि के लिए उच्च अधिकारियों से बातचीत करने की बात कही। बैठक में उपस्थित किसानों ने प्रस्ताव रखा कि गन्ना खेती हेतु 6 बोरी यूरिया की आवश्यकता है। सुपर फास्फेट 1 बोरी, पोटास 2 बोरी, और डीएपी के अनुपात में खाद वितरण किया जावे।

किसानो कहा गन्ना की राशि विगत 8 वर्षो से 355 रुपये प्रदान की जा रही है जो लागत के हिसाब से बहुत कम है उसे 500 रुपये प्रति क्विंटल किया जावे। ताकि गन्ना का रकबा बढ़े। धान के बदले अन्य फसल लगाने पर सरकार द्वारा 15000 देने की घोषणा किया गया, जिसे गन्ना किसानों को भी नियमित रूप से दिया जावे। ये मांग शासन प्रशासन से किया गया है। बैठक में भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार, उपाध्यक्ष देवीलाल डणसेना, मंत्री चाणक्य यादव, गन्ना उत्पादक किसान संघ, जिला अध्यक्ष डॉ तेजराम साहू, उपाध्यक्ष कृष्णा राम साहू एवं अन्य किसानों की उपस्थिति थी।



# 15 दिनों से ठप पड़ी नलजल योजना, 400 ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना

- पाइपलाइन के वाल्व में खराबी से नहीं भर रही पानी टंकी, हैंडपंप और बोर के सहारे गुजर-बसर

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डोंडी की ग्राम पंचायत भर्रीटोला-43 के आश्रित ग्राम जुनवानी में एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना तकनीकी खराबी के कारण पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी है। पाइपलाइन के वाल्व में आई खराबी के चलते पानी टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा है, जिससे करीब 75 घरों के लगभग 400 ग्रामीणों को पेयजल और दैनिक उपयोग के पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि नलजल योजना बंद होने के कारण घरों तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को मोबाइल के माध्यम से कई बार वाल्व की खराबी की सूचना देकर मरम्मत कराने का आग्रह किया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के अनुसार योजना का संचालन अभी ग्राम पंचायत को हस्तांतरित नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम जुनवानी में 49.05 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार का कार्य कराया गया था। निर्धारित समयावधि से करीब 20 माह बाद ग्रामीणों को घर-घर नल से पानी मिलना शुरू शेष पेज 10 पर

# मटेवा में 50 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

## विकास को बताया सरकार की प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/निकुम

- सुशासन में गांवों तक पहुंच रही विकास की रफ्तार : डोमन लाल कोर्सेवाडा

ग्राम पंचायत डूड़िया के आश्रित ग्राम मटेवा में विभिन्न विकास कार्य का भूमि पूजन किया गया। अनुसूचित जाति प्राधिकरण उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा मुख्य अतिथि थे। पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर के प्रमुख आतिथ्य एवं खादी एवं ग्रामोद्योग अध्यक्ष राकेश पांडे की अध्यक्षता समारोह किया गया। अनुसूचित जनजाति प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा भाजपा सरकार में विष्णु देव सरकार के सुशासन में विकास कार्यो् को एक नई रफ्तार मिली है। गांव, गरीब, किसानों की सरकार लगातार विकास से गांव की दशा व दिशा बदल रही है, अब गांव में भी विकास की किरण बिखर रही हैं। आश्रित ग्राम को ग्राम में लगभग पचास लाख के कार्यों का भूमि पूजन विष्णु देव सरकार के सुशासन में संभव हुआ है। भाजपा जब भी सत्ता में आती है तो विकास की धारा बहती है। महिलाओं को महतारी वंदन एवं प्रधानमंत्री आवास हमारी सरकार दे रही है। गुंडरदेही विधानसभा के प्रभारी राकेश पांडे ने कहा की यदि गुण्डरदेही विधानसभा में विकास की एक नई धारा बहानी है, तो हमको इस विधान सभा में 15 साल का वनवास को खत्म करना होगा और भारतीय जनता पार्टी का विधायक बनाना होगा। यहां बीते 15 साल से विकास के कार्य अवरुद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि दुर्ग ग्रामीण के विधायक एवं पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शेष पेज 10 पर

## जिला व जनपद अधिकारियों ने पंचायतों में किया कार्यों का निरीक्षण

# वीबीजी राम जी लागू, ग्रामीणों को 125 दिन रोजगार और बढ़ीं मजदूरी की दी गई जानकारी

दो जुलाई के शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) का शुभारंभ आज 01 जुलाई को पूरे भारत में प्रभावशील हुआ है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि आज जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में संचालित कार्यो् का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कार्यरत श्रमिकों को विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) अंतर्गत 125 दिन प्रति परिवार को रोजगार उपलब्ध कराने एवं श्रमिकों का वर्तमान मजदूरी दर 261 रूपये से बढ़ाकर 300 रूपये होने के विषय में जानकारी साझा की गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक को कार्यस्थल में उपस्थित रहकर नियमानुसार कार्य कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए।



इसके साथ ही 02 जुलाई को विकसित भारत–रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) के शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराते हुए वीबी जी राम जी योजना के अनुरूप प्रगतिरत कार्य का मस्टररोल जारी कर कार्य कराने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य, लाभ एवं जल संरक्षण, भू–जल संवर्धन तथा सामुदायिक विकास से जुड़े प्रस्तावित कार्योे् की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इसके अलावा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में जनसहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को सक्रिय सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर जल संसाधनों के संरक्षण एवं विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा योजना को सफल बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# कसही में अवैध पत्थर उत्खनन चेन माउंटेन मशीन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग द्वारा 01 जुलाई को डौण्डीलोहारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसही का मौका जांच किया गया। जाँच में ग्राम कसही के निजी भूमि में चैन माउंटेन मशीन से बडे. पत्थरों को तोड़ना व मजदूरों द्वारा उन्हें छोटा आकारों में बदलते हुए पाया गया। मौके पर संबंधितों के द्वारा उक्त पत्थर उत्खनन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर उक्त चैन माउंटेन मशीन, पीसी 130–7 मशीन सीरियल नंबर एन 521735 को जप्त कर सील किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं भविष्य में भी खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# टाउनशिप की बसाहट बचाने जन-जन तक पहुंचे विधायक देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई टाउनशिप की बसाहट और शहर की पहचान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सोमवार को भिलाई की बसाहट बचाओ जनसंपर्क अभियान की शुरुआत सेक्टर-2 से की। अभियान के पहले दिन उन्होंने पार्षदों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं से अवगत हुए और टाउनशिप को बचाने की इस मुहिम में सहयोग और समर्थन देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रहने वाले लोगों को नोटिस भेजे जा रहे हैं।

साथ ही सेक्टर-9 अस्पताल सहित बीएसपी क्षेत्र की बसाहट को कमजोर कर निजी हाथों में सौंपने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भिलाई की पहचान और वर्षों से बसे परिवारों के भविष्य पर किसी भी प्रकार का संकट स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह किसी राजनीतिक दल नहीं, बल्कि पूरे भिलाई के अस्तित्व और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को धर्म, जाति और राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा।

## सेक्टर-2 से शुरू किया जनसंपर्क अभियान



### बैठक में लगातार संघर्ष का वादा

अभियान के तहत सेक्टर-2 के वार्ड-56, सड़क-15 तथा वार्ड-55, सड़क-12 में बैठकें आयोजित की गईं। विधायक ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी परेशानी को सुना और भरोसा दिलाया कि उनके अधिकारों और भिलाई की बसाहट की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। अभियान में पार्षद साधना सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र परघनिया, सौरभ मिश्रा,रमाकांत देशलहरे, सेक्टर-4 के राजेश चौधरी, सेक्टर-3 के पार्षद सुरेश वर्मा, हरिश सिंह,साधना सिंह,नोमिन साहू , संजय राठी, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। विधायक यादव ने कहा कि अभियान आगे भी हर सेक्टर हर घर तक पहुंचेगा। वे लोगों से लगातार मिलकर करेंगे और सभी के सहयोग से भिलाई की बसाहट, सेक्टर-9 अस्पताल तथा शहर की विरासत को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### 172 आवासों का आबंटन 3 जुलाई तक करें आवेदन

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत एएचपी घटक के अंतर्गत आवास आवंटन हेतु पात्र हितग्राहियों से 3 दिनों के भीतर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शासन को भेजे गए कुल 4,372 आवासों के प्रस्ताव में से 4,200 आवास व्यवस्थापन के लिए आरक्षित किए गए हैं। शेष 172 आवासों पर सामान्य पात्र आवेदकों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञप्ति के जारी होने की तिथि से आगामी 3 दिवस 3 जुलाई तक जोन 3 कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई में आवेदन कर सकते हैं। आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के निर्धारित मापदंडों को पूरा करता हो। भिलाई नगर निगम क्षेत्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक के पास स्वयं का पक्का मकान नहीं होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड एवं राशन कार्ड, आय प्रमाण पत्र / जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) बैंक पासबुक की छायाप्रति, निवासरत होने का प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना है। निर्धारित समय-सीमा 3 जुलाई के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। रिक्त सीटें सीमित होने के कारण आवंटन प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण की जाएगी।

### 21 से 23 अगस्त तक विशेष लोक अदालत

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय, भारत द्वारा न्याय को जनसामान्य तक सुलभ, सरल एवं सहभागी स्वरूप में उपलब्ध कराने की अभिनव पहल समाधान समारोह, 2026 के अंतर्गत समापन चरण में 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य माननीय उच्चतम न्यायालय में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति, संवाद एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि पक्षकारों को सहज, मानवीय एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके

## महापौर पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष हुए चोटिल

# भिलाई-चरोदा निगम में कमीशनखोरी और पेयजल समस्या को लेकर भाजपा का हल्ला बोल, उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में कमीशनखोरी जोरों पर रहने और विकास कार्य रुके होने को लेकर भाजपा ने महापौर और आयुक्त के खिलाफ हल्लाबोल प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान न सिर्फ भिलाई चरोदा, बल्कि रायपुर, भिलाई, दुर्ग और कई अन्य जगहों से भाजपा नेता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर सुरक्षा घेरा बनाया था, लेकिन भाजपाइयों ने सुरक्षा घेरा को भी तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह के पैसे में चोट आई। इसके बाद अस्पताल जाकर उन्होंने प्राथमिक उपचार कराया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मी तैनात थे। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं को निगम के भीतर जाने से रोका। इस दौरान भाजपाईयों ने बेरीकेट्स के ऊपर चढ़कर शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने मंगल भवन भिलाई तीन के सामने मंच बनाकर निगम भिलाई तीन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। कांग्रेस की शहर सरकार पर भाजपाईयों ने जमकर अपना विरोध प्रकट कर नगर के विभिन्न समस्याओं का हल नहीं का आरोप लगाया और निगम को प्रदेश का सबसे घटिया निगम करार दिया। विरोध में भिलाई जिला के सभी भाजपाई समेत भिलाई-चरोदा मंडल के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन आम जनता की समस्याओं को नहीं सुनती है। भाजपाईयों ने निगम को आडे. हाथ लेते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट समेत कई मूलभूत सुविधाओं की स्थिति काफी बेकार है। बीते चार वर्षो में सिर्फ यही काम यहां किया गया है। इसके चलते विकास पूरी तरह वार्डो में रुक गया है। हर वार्डो में पेयजल, बिजली समेत कई समस्याओं से लोग जुझ रहें है। निगम में हर विकास कार्यो में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता साफ झलक रहा है। भाजपाईयों ने चेतावनी दी कि यदि नगरवासियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं करने पर आने वाले समय में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी।

### सड़को का जीर्णोद्धार तक नहीं, सफाई व्यवस्था है बेकार



### प्रदर्शन के दौरान ये भाजपाई रहे मौजूद



प्रदर्शन के दौरान भाजपा से जिला प्रभारी रामजी भारती, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन , नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, दया सिंह, महेश वर्मा, मनीष अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, दिलीप पटेल, गोपाल मेहता, खिलावन साहू, ललित मोहन, प्रमुनाथ मिश्रा, डॉ. राधेश्याम वर्मा, रविशंकर सिंह, चंद्रकांता मांडले, स्वीटी कौशिक, विशाल चंद्राकर, वरुण यादव, ए गौरी शंकर, राम खिलावन वर्मा, चंद्र प्रकाश पांडे, तुलसी ध्रुव, विपिन चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, सीता साहू, श्याम सुंदर जायसवाल, पूर्णिमा ठाकुर, फिरोज फारुकी, कुसुम चंद्राकर, गुरु चरण सिंह, राकेश बंछोर, अपर्णा दास गुप्ता, नंदिनी जांगड़े, सत्यप्रकाश शर्मा, तुशांत वर्मा, रवि नाहर, बाल मुकुंद वर्मा, तेजस कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कई वार्ड आज भी अंधेरे में

प्रदर्शनकारियों में पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी ने कहा कि भिलाई-चरोदा निगम के वार्डो में स्ट्रीट लाइट लाइट नहीं जलती है। निगम के पास पोल में लगाने के क्लेम तक नहीं है। इसके अलावा कई पोल में खराब सीएफएल लगा हुआ है। उसे रिपेयर करके चलाया जा रहा है। जो सप्ताह भर चलने के बाद फिर खराब हो जाता है। इसे लेकर वार्ड के लोगों द्वाका निगम प्रशासन को कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन अपडेट आज तक नहीं हो पाया है।निगम की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ये निगम प्रशासन की घोर लापरवाही है।

### पेयजल को लेकर बड़ी दिक्कत

चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर राव ने बताया कि निगम में अर्से से पेयजल समस्या से जनता जूझ रही है। भरी गर्मी में कई जगहों पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराया गया, लेकिन स्थायी निदान आज तक नहीं हुआ। लाखों की आबादी वाले भिलाई-चरोदा क्षेत्र में 40 वार्ड हैं, इन वार्डों में जनता को पेयजल समस्या से लगातार जूझना पड़ता है। इसके अलावा विकास कार्यों को छोड़कर सिर्फ कमीशनखोरी के चलते ही यहां विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। विकास के नाम पर सिर्फ यहां खानापूर्ति की जा रही है।

### महापौर ने दी अपराध दर्ज कराने की धमकी

ब्लाक संगठन द्वारा अपराध दर्ज कराया जाएगा। उन्होने मंगल भवन के सामने खाली पड़ी जगह को लेकर प्रशासन को आवेदन दिया था, लेकिन भाजपाईयों ने सड़क पर टेंट गाड़कर प्रदर्शन किया गया। इससे मार्ग से निगम के वाहन, स्कूली बच्चों का आना जाना बाधित हुआ है। 48 घंटे के भीतर उनके खिलाफ अपराध दर्ज कराया जाएगा। अगर अपराध दर्ज नहीं हुआ तो ब्लाक कांग्रेस कमेटी धरना देकर उग्र प्रदर्शन करेगी।

**निर्मल कोसरे,** महापौर नपानि भिलाई-चरोदा

## अशोभनीय घटना से दुर्ग के मोहन बाल मंदिर परिसर की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में लगातार सामने आ रही अप्रिय घटनाओं के बीच शासकीय भवनों की सुरक्षा, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। दुर्ग शहर के गंजपारा वार्ड 36 स्थित मोहन बाल मंदिर परिसर को लेकर स्थानीय नागरिकों ने गंभीर चिंता व्यक्त की हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहन बाल मंदिर परिसर में छोटे बच्चों के लिए स्कूल संचालित होता है। जहां लगभग 40 बच्चे अध्ययन करते हैं। बताया गया कि बीती रात्रि परिसर में गौवंश के साथ कथित रूप से अशोभनीय घटना सामने आई है। घटना से लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है। घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस थाना पहुंचने पर पुलिस हरकत में आ गई। मामले में एक युवक को हिरासत में भी लिया गया है। घटना को स्थानीय लोगों ने गंभीर एवं निंदनीय बताया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस प्रकार की घटनाओं के पीछे परिसर की सुरक्षा और देखरेख में कमी एक बड़ा कारण हो सकती है। उनके अनुसार परिसर के मुख्य द्वार पर नियमित रूप से ताला नहीं लगाया जाता। भवन के कई कमरे खुले रहते हैं। परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मोहन बाल मंदिर परिसर के कुछ कमरों में पिछले कई वर्षों से राशन दुकान संचालित की जा रही है।

### विस प्रश्नों के उत्तर भेजने में सहयोग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा के दशम सत्र 13 से होकर 17 जुलाई तक आयोजित है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रश्नों के उत्तर तैयार करने के लिये अधिकारियों से सामंजस्य स्थापित कर जवाब भेजने के लिये जिला कार्यालय दुर्ग हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह को नोडल तथा डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जिला सहकारी विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देश में सहकारिता मंत्रालय के स्थापना की 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रस्तावित गतिविधियों के अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत सहकारी समितियों के विस्तार हेतु रायशुमारी की गई। मत्स्य एवं दुग्ध समिति के गठन पर जोर देते हुए समितियों के विस्तार के साथ समिति सदस्यों को सक्षम बनाने हेतु विभागीय प्रयास करने के निर्देश दिये गये। बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं सतीश पाटले, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी, उप संचालक पशुपालन एवं दुग्ध विकास डॉ. वसीम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जनशिकायतों का करें त्वरित निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही लंबित आवेदनों का निराकरण समयावधि में करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत पोर्टल के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेते हुए कहा कि जनशिकायत संबंधी आवेदनों का अधिकारी त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनशिकायत से संबंधित आवेदन लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही एल-1 अधिकारी को समय-सीमा के भीतर प्रकरण निराकृत करने कहा। विभागीय अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत तकनीकी दिक्कतों से अवगत कराया। कलेक्टर श्री सिंह ने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को उच्च स्तर पर आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरण अविवादित, नामांतरण, बंटवारा पंजीयन की जानकारी ली। साथ ही पंचायत सचिवों द्वारा राजस्व प्रकरणों के पंजीयन उपरांत रिकार्ड दुरुस्ती पर जोर देते हुए एसएलआर को पंचायतों में पंजीकृत प्रकरणों के रिकार्ड दुरूस्ती कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय प्रयोजन हेतु विभागों को भू-आबंटन के लंबित प्रकरण होने पर संबंधित विभाग राजस्व विभाग को प्रकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि भू-आबंटन की कार्यवाही में प्रगति लायी जा सके। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम एवं अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ को एनएचएम भर्ती काउंसलिंग तिथि पश्चात उसी दिन नियुक्ति आदेश जारी करने के निर्देश दिये। इसके अलावा शेष अन्य पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने विभागीय बेस लाइन सर्वे अंतर्गत नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों से जानकारियां मंगायी जा रही है। संबंधित विभाग के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारियों को उक्त जानकारी मय हस्ताक्षर के साथ संबंधित निकायों/जनपद को उपलब्ध कराने निर्देशित करें।

बैठक में एडीएम वीरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पांडे, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## बीएसपी में 109 अफसरों का बढ़ा ओहदा, मिली पदोन्नति

**भिलाई।** बीएसपी के अनेक साहबों का ओहदा बढ़ गया है।विभिन्न विभागों के 109 अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया। सहायक प्रबंधक (ई-1) से लेकर वरिष्ठ प्रबंधक (ई-4) तक के नव पदोन्नत अधिकारियों को उनके संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कार्यपालक निदेशकों द्वारा पदोन्नति आदेश प्रदान किए गए। इस पदोन्नति प्रक्रिया के तहतसहायक प्रबंधक से उप प्रबंधक (ई-1 से ई-2) पद पर 2 अधिकारी, उप प्रबंधक से प्रबंधक (ई-2 से ई-3) पद पर 19 अधिकारी, प्रबंधक से वरिष्ठ प्रबंधक (ई-3 से ई-4) पद पर 23 अधिकारी तथा वरिष्ठ प्रबंधक से सहायक महाप्रबंधक (ई-4 से ई-5) पद पर 65 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया। विभिन्न ग्रेडों में कुल 109 अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान की गई।

**स्वास्थ्य विभाग के दर्जनभर अफसर :** पदोन्नत अफसरों में सबसे अधिक स्वास्थ्य विभाग के लोग शामिल हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 12 अधिकारियों को भी विभिन्न ग्रेडों में पदोन्नति प्राप्त हुई।

## आईजी ने ट्रेनी उप निरीक्षकों और सूबेदारों को तकनीकी दक्षता को लेकर दी जानकारी

**भिलाई।** आईजी अभिषेक शांडिल्य ने ट्रेनी उपनिरीक्षको और सूबेदारों को तकनीकी जानकारी दी। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन दुर्ग स्थित दधीचि सभागार में हुआ। आईजी ने कहा कि ट्रेनी की अवधि में प्रत्येक पुलिस अधिकारी के सम्पूर्ण सेवा जीवन की सबसे महत्वपूर्ण व आधारभूत अवस्था होती है। अर्जित ज्ञान, अनुशासन,कार्य संस्कृति ही भविष्य में उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी बनने की नींव रखती है। ट्रेनिओं को सदैव शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ,सक्षम रहने, अनुशासन, ईमानदारी, संवेदनशीलता, निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने कानून सम्मत और पुलिसिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग में तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए सीसीटीएनएस, ऑनलाइन चालान प्रणाली, ई-साक्ष्य संकलन, ई-एफएसएल, समन्वय पोर्टल, मेडलीपार, नेटग्रिड सहित अन्य डिजिटल प्रणालियों के प्रभावी उपयोग करे।

## पेज 9 के शेष

### 15 दिनों से ठप पड़ी ...

हुआ था, लेकिन अब तकनीकी खराबी के कारण योजना फिर बंद हो गई है। फिलहाल ग्रामीण पेयजल के लिए गांव के दो हैंडपंप और पुराने कुएं पर निर्भर हैं, जबकि निस्तारी के लिए एक बोरवेल का उपयोग किया जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चले जाने से हैंडपंप और बोरवेल में भी पानी कम निकल रहा है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीण पतिराम नायक, मदनलाल रावटे, देवलाल कोर्राम, सर्वेराम पिस्दा, रुखमन कुलार्य, देवलाल नायक, बोधन सिंह करबिया, केशव बलेंद, सीताराम नायक सहित अन्य ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन के वाल्व की खराबी को तत्काल दूर कर नलजल योजना फिर से शुरू कराई जाए, ताकि लोगों को घरों में नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके।

### मटेवा में 50 लाख ...

वीरेन्द्र साहू, जिला सहकारी बैंक दुर्ग के उपाध्यक्ष नरेश यदु, जिला कार्यकारणी सदस्य राजू अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोना टुवानी, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू, योगेश्वर साहू, पंकज चौधरी सहित पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम का संचालन राजू अग्रवाल ने किया। आभार प्रदर्शन ग्राम सरपंच राजकुमार साहू ने कहा कि हम सब मिलकर गांव के विकास का संकल्प लें। वही जिला भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष आमीन साहू व ग्राम पंचायत ख़ुरसुनी सरपंच योगेश्वर साहू उपस्थित थे।

### लोहे के केज व्हील वाले ट्रैक्टर ...

संचालन सार्वजनिक सड़कों पर न करें। सभी किसानों, वाहन स्वामियों और चालकों को सूचित किया गया है कि लोहे के केज, रिंग लगे ट्रैक्टरों का खेतों के अतिरिक्त सार्वजनिक सड़कों पर संचालन करने से डामर और सीमेंट की सड़कें बुरी तरह खराब होती हैं। साथ ही, इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी बढ़ जाती है, जो कि नियमों के सर्वथा विरुद्ध है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यदि सार्वजनिक सड़कों, सीमेंट, डामर सड़कों अथवा राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर केज व्हील या लोहे के रिंग लगे ट्रैक्टरों का संचालन पाया गया, तो वाहन स्वामियों और चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय बालोद द्वारा सख्त चालानी व वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## गुणवत्ता के साथ सभी कार्य जल्द पूरा करने की दी हिदायत

# सीसी रोड और सीवरेज सिस्टम पाइप लाइन निर्माण को देखकर भड़के आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई के निगम आयुक्त मंगलवार को ओम शांति चौक से कालीबाड़ी चौक तक बन रही सीसी रोड और डिवाइडर रेलिंग का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्य की खराब गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने निगम के इंजीनियर को फटाकर लगाई और गुणवत्ता के साथ कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय मंगवार सुबह जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन सीसी रोड और सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था देखा। काम धीमी गति से होने को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी जताई और जल्द निर्माण पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा, उप अभियंता अशोक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर सहानी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, जोनल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बारिश से पहले पूरा हो काम

आयुक्त ने ओम शांति चौक से कालीबाड़ी हाउसिंग बोर्ड के बीच निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना क्षेत्र में सीवर सिस्टम पाइपलाइन एवं बैक लाइन की कच्ची नालियों की सफाई व्यवस्था के काम को बारिश से पहले पूरा करने को कहा। बारिश के पहले नालियों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

### निगम के चारों जोन में पात्र लोगों को मिलेगा पट्टा

छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर नागरिकों को उनकी भूमि की पहचान एवं स्वामित्व संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पट्टा सर्वे अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र नागरिकों के पट्टों का सर्वे कर किया जाएगा। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार पट्टा सर्वे कार्य को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न जोनों में ड्यूटी लगाई गई है। नियुक्त दल अपने-अपने जोन क्षेत्र में पात्र हितग्राहियों तक पहुंचकर पट्टों का सर्वे करेंगे। उपायुक्त सह नोडल अधिकारी दिनेश कोसरिया की उपस्थिति में मंगलवार को नगर निगम सभागार में पट्टा सर्वे अभियान के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पट्टा सर्वे की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन, हितग्राहियों तक पहुंचने की कार्ययोजना तथा सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पट्टा सर्वे का कार्य पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित अधिकारों को सुदृढ़ करना तथा प्रशासनिक सेवाओं को उनके घर-घर तक पहुंचाना है।

## खबर संक्षेप

### दो लाख का गांजा आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर रोड, बिहारी मोहल्ला के सामने नहर पार के पास गांजा बेचने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर खुर्सीपार निवासी हरिशंकर यादव उर्फ जुगनु यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि 4 किलो 198 ग्राम अवैध गांजा और एक्टिवा वाहन को जब्त किया गया। गांजा की कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के पास से बिक्री रकम 300 भी बरामद किया है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने आसपास में अवैध रूप से गांजा का कारोबार अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचना दे।

### आरक्षक ने फर्जी दस्तावेज किया पेश, अपराध दर्ज

**भिलाई।** फर्जी दस्तावेज पेश कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में आरक्षक की नौकरी पाने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि वर्ष 2025 में एसएससी आरक्षक के पद पर मोहित ने भर्ती स्थल भेल ग्राउंड भोपाल एमपी दस्तावेज पेश किया था। जिसमें जांच के दौरान उसका जाति, निवास प्रमाण पत्र का सत्यापन करने पर दस्तावेज फर्जी निकला। उप महानिरीक्षक कार्यालय केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय आरटीसी भिलाई ने जिसकी शिकायत उतई पुलिस से की गई। पुलिस ने मोहित के दस्तावेज जांच के बाद फर्जी पाए गए। अभ्यर्थी मोहित ने अपना जाति प्रमाण पत्र कुटरचित, फर्जी पाया गया। एसएससी आरक्षक जीडी भर्ती 2025 के तहत केऔसुब में आरक्षक जीडी पद पर नियुक्त बल संख्या 260715881 भुतपूर्व आरक्षक जीडी मोहित के द्वारा भोपाल में शारीरिक दक्षता टेस्ट एवं शारीरिक मेजरमेंट टेस्ट संपूर्ण दस्तावेज जमा कराया।

## निधन

### बिसरी बाई गजपाल

**अंडा।** ग्राम करगाडीह (उतई) निवासी बिसरी बाई गजपाल उम्र 76 वर्ष का 1 जुलाई को घर में अकास्मिक निधन हो गया। वे अपने पिछे भरापुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे बिकल सिंह गजपाल के पत्नी थी व ताराचंद गजपाल, ग्राम करगाडीह के पूर्व सरपंच एवं साहू समाज खोपली परीक्षेत्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम गजपाल, देवेंद्र गजपाल की माता थे। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया।



### अवध राम यादव

**बालोद।** ग्राम तमोरा निवासी अवध राम यादव का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अनुसुईया बाई यादव के पति, बालचरण यादव, बलराम यादव, नरेश यादव के पिता व बाहरू राम यादव, धनुश यादव के भाई थे।



**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम-गुरेदा, तह.-गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. - 739, 741, रकबा क्रमशः 0. 81 हे., 0.18 हे. कुल ख.नं.- 2, कुल रकबा 0.99 हे. जो कि मेरी पैतृक भूमि है। उपरोक्त भूमि मुझे वर्ष 1991 में आपसी बटवारा में प्राप्त होकर मेरे आधिपत्य में है तथा उक्त भूमि पर मेरा व अन्य का स्वत्व है।

ज्ञात हो कि, उपरोक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.) में व्यवहार अपील प्रकरण क्र.- 1- अ / 2025 लंबित है।

विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि, मेरे पिता नरसिंह देवांगन द्वारा उक्त भूमि के संबंध में अपना नाम दर्ज होने का अनुचित लाभ लेते हुये अन्य व्यक्ति के बहकावे में आकर विक्रय, दान, वसीयत या अन्यत्र अंतरण किया जा सकता है, जबकि उक्त भूमि पर मेरा एकमात्र स्वत्व व आधिपत्य स्थापित है।

अस्तु सूचित हो कि, उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति विक्रय या अन्यत्र अंतरण ना करें। इसी तरह से यदि उपरोक्त प्रकरण के लंबन अवस्था में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई भी विक्रय सौदा या अन्यत्र अंतरण किया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी उस व्यक्ति की खुद की होगी।

दिनांक- 01/07/2026

**भवदीय**
**प्रीतम देवांगन आ. नरसिंह देवांगन,**
**निवासी व कास्तकार-**
**ग्राम-गुरेदा, तह.-गुण्डरदेही,**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**मो. नं. - 8120683393, 9993145258**

## आयोजन : शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है

# खपरी सिलोदा में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी सिलोदा के पूर्व माध्यमिक शाला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा की सरपंच अनुसूईया नारायण साहू ने नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल का टीका लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच अनुसूईया साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे तो भविष्य में डॉक्टर, शिक्षक और इंजीनियर बन सकते हैं। उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि गांव का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में नवोदय विद्यालय बोरई में 6 बच्चों का चयन हुआ है तथा एन एम एम एस परीक्षा में 10 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है।



चयनित विद्यार्थियों को शासन द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए गए। साथ ही सभी बच्चों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई, जिसमें खीर, पूरी, दाल-भात, सब्जी, पापड़ और अचार परोसा गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, उपसरपंच दिनेश यादव, पंच कुमेश्वरी साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष डिलेश्वर साहू, उपाध्यक्ष तारामती साहू, पूर्व अध्यक्ष चितरंजन साहू, विधायक प्रतिनिधि रामसिंह साहू, जनप्रतिनिधि रैनी साहू, पेमिन साहू, चेतना निषाद, इंद्राणी साहू, संजू निषाद, नीरू साहू, कांति यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधान अध्यापक जीवनलाल चंद्राकर, शिक्षिका वंदना रामटेके, पुष्पा देशमुख, शिक्षक उपेंद्र कुमार कटेंद्र, भोजराम यादव, प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार हिरवानी, शिक्षक दुष्यंत कुंभकार, शिक्षिका लक्ष्मी साहू, सुरुचि ठाकुर सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### वनांचल के किल्लेकोडा स्कूल में प्रवेश उत्सव, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक व पुस्तक वितरण से स्वागत

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के सभागार में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजाराम ताराम थे, अध्यक्षता ग्राम सरपंच हेमलता विश्वकर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुल्हार्य, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष निर्भय भंडारी, अधन सिन्हा, गुलाब बाई शर्मा, ललिता गांवरे (पूर्व सरपंच), उत्तरा बाई, किरण कुल्हार्य, दीपक बाई, माहेश्वरी गांवरे, रुक्मिणी बाई, सुकुल राम भुआर्य, विद्यालय के प्राचार्य अजय मुखर्जी, प्रभारी प्रधान पाठक एन.आर. शिवना सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक एन.आर. शिवना ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर उज्ज्वल भविष्य बनाने का संदेश दिया। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित अध्ययन और कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने की प्रेरणा दी। विशेष अतिथि वीरेंद्र कुल्हार्य ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों से उन्हें इस वर्ष बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और उन्होंने मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सरपंच हेमलता विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। अंत में व्याख्याता घनश्याम पटेल ने सभी अतिथियों, पालकों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें सी.जी. पटेल, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, तिजला ठाकुर, मुक्ति, ललित देवहारी, खिलावन उर्वशा, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन के साथ नवप्रवेशी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।







### बड़गांव स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में नवीन शिक्षा सत्र के अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शाला में प्रवेश लेने वाले 13 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति (एसएमडीसी) का पुनर्गठन भी किया गया। समिति के अध्यक्ष के रूप में तिलोचन पटेल तथा उपाध्यक्ष के रूप में अनिल साहू का चयन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के पालक, पंचायत प्रतिनिधि रागिनी पटेल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान पाठिका पुनेस सोनबरसा तथा शिक्षक कमलकांत साहू, टिकेंद्र रामटेके एवं राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया।

# नेहरू पुरस्कार 2025 में राजहरा खदान समूह का शानदार प्रदर्शन उत्कृष्ट कार्य के लिए 37 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रतिष्ठित नेहरू पुरस्कार योजना-2025 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में राजहरा खदान समूह ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए कुल 37 अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मान प्राप्त हुआ।

- उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और कार्यकुशलता के लिए मिला सम्मान, भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित समारोह में बढ़ाया मान

महात्मा गांधी कला मंदिर, भिलाई में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य संस्कृति, नवाचार, कार्यकुशलता और समर्पण का परिचय देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। यह उपलब्धि राजहरा खदान समूह की कार्यक्षमता, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण मानी जा रही है। समारोह में संयंत्र के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर संयंत्र के शीर्ष अधिकारियों ने सम्मानित कर्मियों की उपलब्धियों को संगठन के लिए प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया। जवाहर पुरस्कार श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्ट योगदान के लिए खदान मुख्यालय के उपमहाप्रबंधक अमिश दत्त भट्ट तथा दल्ली यंत्रीकृत खदान के उपप्रबंधक नरेंद्र कुमार चौहान को आठ-आठ हजार रुपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नेहरू पुरस्कार श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्ट कार्य के लिए राजहरा के कनिष्ठ अभियंता शशि कुमार उपाध्याय, अभियंत्रिकी सहयोगी ब्रम्हैया, अभियंत्रिकी सहयोगी चूड़ामणि साहू तथा दल्ली हस्तचालित खदान के तकनीकी सहयोगी अमित कुमार को छह-छह हजार रुपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार श्रेणी में सामूहिक उत्कृष्ट योगदान के लिए राजहरा, दल्ली, झरणदल्ली तथा अन्य इकाइयों के 31 अधिकारी एवं कर्मचारियों को दो-दो हजार रुपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन सभी ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर संगठन की उत्पादन क्षमता और कार्य गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस वर्ष पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 274 तथा द्वितीय चरण में 266, अर्थात कुल 540 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इनमें राजहरा खदान समूह को 2 जवाहर पुरस्कार, 4 नेहरू पुरस्कार तथा 31 जवाहरलाल नेहरू समूह पुरस्कार सहित कुल 37 पुरस्कार प्राप्त हुए, जो पूरे खदान समूह के लिए गर्व और सम्मान का विषय रहा। समारोह में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी, अधिकारी संघ के पदाधिकारी तथा विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। राजहरा खदान समूह के सहायक प्रबंधक शैलेश पटनायक ने सभी सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनका समर्पण और उत्कृष्ट कार्य भविष्य में भी संगठन को नई सफलताओं की ओर अग्रसर करता रहेगा।

# भाजपा शक्ति केंद्र डौण्डीलोहारा की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र डौण्डीलोहारा की मासिक बैठक नगर के काली मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को डीएलपी (डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म) के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र अर्जित करने के लिए प्रेरित किया गया।

- डीएलपी प्रशिक्षण अभियान पर जोर

बैठक में अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा लगभग 30 कार्यकर्ताओं का पंजीयन भी किया गया। बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी डोमेंद्र देशमुख, संयोजक जसराज शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष जायलाल मालेकर, मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू, मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, पार्षद बीरसिंह ठाकुर, शोभा राजपूत, जीवराखन कोमर्या, रवि जैन, धीरेन्द्र टंक, प्यारे निषाद, धीरज जैन, दिलीप बाफना, लोकेश दुबे, आरती सचेती सहित शक्ति केंद्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रशिक्षण अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया।

# प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ी बरहीपारा की पुलिया, बरसात सिर पर, सिर्फ गड्ढा खुदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बरहीपारा जाने वाले मार्ग में बन रही पुलिया प्रशासनिक लापरवाही एवं राजनीति का शिकार हो गई है। पुलिया बरसात के पहले पूरी होगी इसकी संभावना नही है क्योकि अभी मात्र गढ्ढा ही किया गया है, जिससे बारिश में 20 घर के लोगों का जीवन मुश्किलो भरा होने वाला है।

ग्राम पंचायत बरही के बरहीपारा जाने के मार्ग में 15 लाख की लागत से बन रहा पुलिया प्रशासन की उदासीनता से दर्जनो ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन सकता है। पुलिया के लिए तीन माह पूर्व क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू की अनुशंसा से स्वीकृत हुआ है। तीन माह पूर्व कार्य की स्वीकृति के बाद पुराने पुलिया को तोड़ने के बाद से कार्य नही होने से ग्रामीणो की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने निर्माण स्थल का दौरा किया था।

मामले में बता दे कि जहां पुलिया बन रहा है। वहां जंगल क्षेत्र से बारिश का पानी आता है, जो दर्रीटोला जलाशय में जाता है। जंगल से आने वाला पानी की मात्रा बहुत अधिक व उसकी धार बहुत तेज रहती है, वर्तमान में पुलिया के लिए खाईनुमा नीव के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। पुलिया के दोनों ओर स्थिति ऐसी है कि बारिश में उसमें चलना भी दूभर हो सकता है। बरसात पुर्व पुलिया के नही बनने की संभावना को देखते हुए बरहीपारा स्थित 20 घरो के ग्रामीण दहशत में है, क्योकि बारिश होने पर जंगल का पानी आएगा तो मार्ग पुरी तरह बाधित हो सकता है, ऐसे में ग्रामीणो को रोजमर्रा की वस्तुओ के लिए भी भटकना पड़ सकता है। ग्रामीणो की शिकायत एवं स्थिति को देखते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने क्षेत्र का दौराकर उच्च अधिकारियो को तत्काल कार्य प्रारंभ कर मार्ग को बरसात में ग्रामीणो को सुविधा प्रदान करने कहा। इधर कार्य स्वीकृत कराने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने इसे विधायक द्वारा अपनी नाकामी को छुपाने के लिए किया जा रहा प्रोपेगेडा कहा है। तोमन साहू ने कहा तीन साल से पुलिया जर्जर था। ग्रामीणो की मांग पर विधायक ने ध्यान नही दिया। जब मैंने अपनी क्षेत्र की जनता की समस्या को दूर करने का कार्य किया तो विधायक अपनी नाकामी छुपाने के लिए प्रोपेगंडा कर रही है। इधर कार्य स्थल में अब तक सूचना बोर्ड नही लगाया गया है। मुख्य मार्ग के रपटा को तोड़ने के बाद ग्रामीणो के आने जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नही की गई है। इससे ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आना जाना कर रहे है। सबसे बड़ी समस्या स्कूल के छोटे बच्चों को है। मुख्य मार्ग को खोद दिया गया है, लेकिन कोई सूचना बोर्ड नही लगाया गया है, यहां तक कि गहरे गढ्ढो के दोनों ओर बेरिकेंटिंग नही की गई है। जिससे अनजान राहगिरो के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। सरपंच ममता सिन्हा ने कहा कार्य के संबंध में मैं कुछ नही जानती, तोमन साहू के लोग ही कार्य कर रहे है। उन्होने राशि की मांग की थी। राशि जारी की गई है कि नही सचिव बता पाएगा।



सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कृषक उन्नति योजना से बदली किसान गणेश कचलामे की किस्मत

**बालोद।** जिले के सुदूर वनांचल में स्थित ग्राम लोहारटोला के प्रगतिशील किसान, गणेश कचलामे ने यह साबित किया कि सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और शासन की योजनाओं के मेल से कृषि को एक बेहद मुनाफेदार व्यवसाय में बदला जा सकता है। कचलामे का मानना है कि शासन की किसान–हितैषी योजनाओं ने उनके जीवन को एक नई आर्थिक संबलता प्रदान की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हितैषी कृषक उन्नति योजना के तहत धान का बेहतरीन मूल्य मिलने से उन्हें सीधा आर्थिक लाभ पहुंचा। धान बेचकर जो मुनाफा प्राप्त हुआ, उसे अपनी खेती के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में लगाया। अपनी बढ़ी हुई आय का सदुपयोग करते हुए गणेश ने दो महत्वपूर्ण कार्य किए, जो उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाते हैं। उन्होंने कृषि कार्य को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाने और पानी की निर्भरता को खत्म करने के लिए अपने खेत में बोरवेल का खनन कराया। इससे अब वे मौसम की अनिश्चितता से बचकर पूरे वर्ष बेहतर खेती कर सकेंगे। उन्होंने खेत तक आने–जाने और घरेलू कार्यों को सुगमता से निपटाने के लिए एक इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी है। यह कदम न केवल उनके समय की बचत कर रहा है, बल्कि पेट्रोल के बढ़ते खर्चों को कम कर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रहा है। उन्होंने अपनी इस तरक्की का श्रेय राज्य शासन की कल्याणकारी नीतियों को देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। गणेश कचलामे केवल लोहारटोला के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बालोद जिले और राज्य के उन सभी किसानों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गए हैं, जो आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को संवारना चाहते हैं।

### म्यूल खाता केस में 15 हिरासत में आठ को नोटिस देकर छोड़ा



**भिलाई।** साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने 23 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि म्यूल खातों में अवैध रूप से लेनदेन कर ठगी करने वाले पुलिस ने 15 को हिरासत में लिया है। वहीं 8 को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड, बैंकिंग से जुड़े अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बैंक खातों की जानकारी, तकनीकी इनपुट और अन्य सुरागों के आधार पर जांच करना शुरू किया। जांच में पता चला कि कुछ लोग कमीशन के बदले साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से हासिल रकम के लेनदेन के लिए उपयोग किया जाता था।

## बैठक : बाजा, महुआ और शाकंभरी बोर्ड गठन की मांग दोहराई

# छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक में तुयेगोंदी मुद्दे पर 40 सदस्यीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की तुयेगोंदी बालोद को लेकर बैठक संपन्न हुआ। तुयेगोंदी पाटेश्वर धाम मामले मे 40 सदस्यीय कमेटी गठन का निर्णय हुआ। बाजा बोर्ड, महुआ बोर्ड व शाकंभरी बोर्ड का गठन न होने से बैठक में सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

कार्यक्रम में बालोद जिला के जामड़ीपाठ पर आदिवासी समाज के पूजा स्थल के जमीन पर अवैध कब्जा के विरुद्ध छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ में आक्रोश व्यक्त किया। वहीं छत्तीसगढ़ के बाहरी व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ में जमीन बिक्री पर रोक लगाने एवं गाड़ा समाज के लिए बाजा बोर्ड, अघरिया पाल समाज के लिए भेड़ एवं ऊन संवर्धन बोर्ड, कलार समाज के लिए महुआ बोर्ड, शाकंभरी बोर्ड के गठन की मांग पर चर्चा किया गया। सर्व आदिवासी समाज के विनोद नागवंशी ने जामड़ीपाठ क्षेत्र में संरक्षित वन में अवैध कब्जा एवं निर्माण और उस लंबित शासकीय कार्यवाही, तुयेगोंदी में आदिवासियों का सदियों से पारंपरिक आस्था का स्थल जाम्हा बाबा और कैना में कब्जा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कहा कि सामाजिक समस्या के हल के लिए प्रदेश सरकार को कोई ठोस पहल करनी चाहिए। शासन आज भी आदिवासियों के रीति रिवाज और परम्परा को समझने का प्रयास नहीं करता। नंद कुमार सांय ने कहा कि सभी लोगों को बैठकर सोचना पड़ेगा और छत्तीसगढ़िया सर्व समाज को एकजुटता से अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा।

कार्यक्रम को युवराज सिन्हा, गोपाल साहू, उग्रसेन, शिव सारथी, पूहुप राम यदु, राजा निर्मलकर, अश्विनी बबलू त्रिवेंद्र, बोधि राम निषाद, ललित काकड़े राकेश वैष्णव ने संबोधित करते हुए आदिवासी समाज को समर्थन करने की बात कही । कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ अध्यक्ष रमेश यदु ने किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आदिवासी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे, कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, चंद्राकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, प्रगतिशील सतनामी समाज से अश्विनी बबलू त्रिवेन्द्र, पीआर यदु, बोधिराम निषाद, राकेश वैष्णव, चित्रसेन प्रधान, चित्रसेन, संतोष, राजा निर्मलकर, ललित कुंडलिका, जमुना सिरमौर नागरजी,रूपेंद्र नागर, भगत राम सोनी, मनोज यादव, प्रदीप देशमुख, शिव सारथी, गोपाल साहू, माधव देवदास, पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर, कृष्ण रायकर, यज्ञ दत्त पटेल, सुरेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पेंडरवानी से होगा विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण का जिला स्तरीय शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत पेंडरवानी में विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण का शुभारंभ 02 जुलाई को जिला स्तरीय जनसम्मेलन सह–शुभारंभ कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलय द्वारा 01 जुलाई से पूरे देश में लागू की गई विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी जीराम जी) योजना लागू की गई है। 02 जुलाई को ग्राम पंचायत पेंडरवानी, जनपद पंचायत गुरूर में जिला स्तरीय जनसम्मेलन सह–शुभारंभ कार्यक्रम आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रलय के निर्देशों तथा राज्य शासन के मार्गदर्शन के अनुरूप किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ आंध्र प्रदेश के तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित जनसम्मेलन के माध्यम से सीधा प्रसारण जिला एवं ग्राम स्तर पर किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक दिव्या उमेश मिश्रा और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों को विशेष रूप से कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

# टटेंगा स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन, ओम दास सार्वा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

- सर्वसम्मति से पुष्पा साहू उपाध्यक्ष निर्वाचित, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और पालक–विद्यालय समन्वय पर दिया गया जोर



शासन के द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने की। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सदस्यों के चयन के बाद सर्वसम्मति से ग्राम हरदी निवासी ओम दास सार्वा को समिति का अध्यक्ष तथा टटेंगा निवासी पुष्पा साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम दास सार्वा ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों के हित में कार्य किया जाएगा। प्राचार्य टी.एल. देवांगन ने कहा कि पालकों के सहयोग के बिना विद्यालय अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को पूर्ण नहीं कर सकता, इसलिए सभी के सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है। बैठक को पुष्पा साहू एवं आर.डी. देवांगन ने भी संबोधित किया। बैठक में त्रिवेणी गांवरे, ईश्वरी सुधाकर, चंद्रशेखर उर्वासा, अश्विनी सुधाकर, दुर्गा साहू, लिलेश्वरी देवांगन, सुषमा कौशिक, नंदनी साहू, छवि निर्मलकर, रिखीराम साहू, डीगेश्वर दास साहू, हितेश कुमार देवांगन, रश्मि रामटेके, घनश्याम सिंह ठाकुर (सरपंच, औरी), पेमिन साहू एवं दीप्ति साहू को समिति के सदस्य के रूप में चयनित किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत टटेंगा की सरपंच गंगोत्री सुधाकर, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम उर्वशा, पुरुषोत्तम वासनिक, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक, पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता अजय पाठक ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लिखन राम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एच.एल. साहू ने किया।

## किसानों के साथ खेत में उतरे जनप्रतिनिधि...



**डौण्डीलोहारा।** विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक–08 में जिला पंचायत सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि राजाराम तारम तथा गोविंद चंद्राकर ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि किसान धान रोपाई के कार्य में पूरी मेहनत और उत्साह के साथ जुटे हुए हैं। खेतों में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी खेत में उतरकर उनके साथ धान की रोपाई की। इस दौरान उन्होंने श्रमदान कर किसानों के श्रम का सम्मान किया और कृषि कार्य में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री भूपेंद्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मुलचंद शर्मा एवं थानसिंह रावटे ने भी किसानों के साथ खेत में उतरकर धान रोपाई में सहयोग किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके परिश्रम का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। खेत में किसानों के साथ किया गया श्रमदान सेवा, सहयोग और सहभागिता का संदेश देने के साथ–साथ छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि संस्कृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है।

# प्रधान पाठक मीना धीवर को दी गई भावभीनी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला जजंगिरी में प्रधान पाठक मीना धीवर के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में बड़े ही भावुक और सम्मानजनक माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें गांव के जनप्रतिनिधियों, पालकों, विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मीना के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की शिक्षा और अनुशासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में कई बच्चों ने बेहतर शिक्षा प्राप्त की और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर गांव की मुखिया गीता कमलेश ठाकुर, पंचायत सचिव नेवेंद्र यादव, सेवानिवृत शिक्षक कमल सुकतेल, देवदास सर सरपंच प्रतिनिधि कमलेश ठाकुर सहित गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मीना धीवर के साथ बिताए अपने अनुभव साझा किए और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कई छात्र-छात्राएं भावुक भी नजर आए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद जीवन की कामना की। समारोह के अंत में मीना को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

# खाद-बीज की कमी पर किसान कांग्रेस का निरीक्षण

## सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप, कई समितियों में नहीं मिला पर्याप्त खाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/ निकुम

किसान मौसम की बेरुखी से अन्नदाता चिंता मे है, वही प्रदेश में सुशासन की ढोल पीटने किसान हितैषी बताने वाली भाजपा सरकार की रीति नीति से किसान परेशान है। यह आरोप जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने जिला किसान कांग्रेस के तत्वाधान में सेवा सहकारी समिति अर्जुन्दा, परस तराई, डुंडेरा, कुरदी, कमरौद, पीरीद, कोडेवा, कोटगांव, चन्दनबीही, कांदुल और खाद भंडारण केंद्र अर्जुन्दा का निरीक्षण के दौरान लगाया। गुलशन चंद्राकर ने समिति प्रांगण पहुंचकर खाद और बीज के सुरक्षित भण्डारण तथा किसानों के बीच उनके सुचारू वितरण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि समिति के पास खाद बीज उपलब्ध नहीं है। कुरदी सोसाइटी में अब तक केवल 35–40 किसानों को खाद उपलब्ध हुआ है। पिरिद से अलग हुए सोसाइटी कमरौद में किसानों ने खाद वितरण में पक्षपात का आरोप लगाया। खाद भंडारण केंद्र अर्जुन्दा के प्रभारी को जल्द से जल्द सभी सोसाइटी में खाद उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि कोदूराम दिल्लीवार, किसान कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष जागृत सोनकर, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, उपाध्यक्ष संतुराम पटेल, भोपेन्द्र साहू, टेमन देशमुख, रेवाराम सिन्हा, सेवाराम पिपरिया, राजू पारख, हरि साहू, खिलानंद पटेल, विनोद साहू, जगतराम ठाकुर, योगेश साहू, उमाशंकर, प्रकाश देवांगन, अमित साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

### लाखों का गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम मुरमुंदा आम रोड में अवैध वस्तुओं के परिवहन की रोकथाम वाहन चेकिंग चल रहा था। तभी सूचना मिली कि सीजी 04 एमजी 0156 में सवार दो युवक गांजा का परिवहन कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में ग्राम सरोरा, थाना उरला, जिला रायपुर निवासी सन्नी साहू उर्फ माया, त्रिलोचन साहू उर्फ जय प्रकाश बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 5.189 किलोग्राम गांजा जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**जिले के शासकीय व निजी अस्पतालों का भ्रमण कर जताया आभार, डॉक्टरों ने सेवा और मानवता का दिया संदेश**

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया चिकित्सकों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, दानीटोला के छात्र–छात्रओं एवं शिक्षकों द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी अस्पतालों का भ्रमण कर चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जिला चिकित्सालय बालोद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंडी, शहीद हॉस्पिटल दल्लीराजहरा, ज्योति हॉस्पिटल चिकलाकसा तथा पुष्पा हॉस्पिटल दल्लीराजहरा, उमीद हॉस्पिटल सिवनी पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान किया। सभी डॉक्टरों ने विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें चिकित्सा सेवा के मूल्यों, मानवता एवं सेवा भावना के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि उन्हें नया जीवन और नई उम्मीद भी देते हैं। उनके समर्पण, सेवा भावना और कठिन परिश्रम के प्रति सम्मान व्यक्त करना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के प्राचार्या डॉक्टर सिजो कोसी मारुति इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग शिक्षकगण एवं छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता (दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411